उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल
**Institute for Excellence in Higher Education, Bhopal**

Office – Kaliasot Dam, Kolar Road, Bhopal - 462016 Tele: (0755) 2492433, 2492460
*E-mail:* ***iehebhopal@mp.gov.in***, ***iehe.iqac2020@gmail.com***, *Website:* ***https://www.iehe.ac.in***

# Few Welfare Measures for Teaching and Non-Teaching Staff

## INAUGURATION OF A NEW BLOCK

### New admin block added to IEHE

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in



Minister of Higher Education Dr Mohan Yadav and MLA Huzur Rameshwar Sharma inaugurated a newly constructed administrative block in Institute for Excellence in Higher Education (IEHE) on Monday. Awards were presented to the students who excelled in education and co-curricular activities during their graduation or post graduation course. Prateeksha Pandey from BA psychology received the award. Along with her, other achievers were also felicitated.

Dr Pragyesh Agrawal, director, IEHE, told Free Press that the new block would be helpful for institute in terms of space and academic classes.

Dr Agrawal said that IEHE was ranked as grade A state level institute for three consecutive years as he listed the achievements. He added that 25 students from the institute were selected in UGC NAT, 2 students qualified UPSC and one student got national award in NSS.

MLA Rameshwar Sharma said, "Government is committed to providing world class academic infrastructure and facilities. Skilled students will not be jobless and state is full of job opportunities". Sharma further promised to resume city bus service till IEHE.

Minister Yadav said, "New National Education Policy will make students learn the glory of Indian History and will let them come closer to Indian culture, which was suppressed by British Education Policy of 1835. Subjects like Bhagwat Geeta and Ramayana should be included in optional subjects under National Education Policy 2019."

## ENTREPRENEURSHIP CAMP

### विद्यार्थियों ने बनाया ऐलोवेरा सेनेटाइजर एवं एलईडी बल्व

#### एक्सीलेंस कॉलेज में उद्यमिता शिविर का आयोजन

● जागरण सिटी रिपोर्टर ●

कोई हेंडमेड डेकोरिव आइटम बेच रहा था तो कोई पेंटिंग। किसी ने ऐलोवेरा से तैयार हर्बल सेनेटाइजर का स्टॉल लगाया था तो किसी ने खुद तैयार किए एलईडी बल्व का। विद्यार्थियों के इस हुनर और प्रयास की सराहना करते हुए शिक्षकों और दूसरे छात्र-छात्राओं ने भी उनके बनाए प्रोडक्ट तुरंत खरीद लिए। हम बात कर है स्वामी विवेकानंद जयंती एवं रोजगार दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान ( आईएचई) में आयोजित उद्यमिता शिविर की।



शिविर में अलग-अलग महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने हाथ से बनाए प्रोडक्ट पेश किए। शिविर में मंडीदीप, ओबेदुल्लागंज सहित भोपाल के कुल 15 महाविद्यालय के विद्यार्थी मिल हुए। शिविर में कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए प्रत्येक महाविद्यालय को स्टॉल हेतु अलग-अलग कक्ष प्रदान किए गए।

#### ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव में आईं 15 कंपनियां

जॉब कार्यक्रम की संयोजक डॉ. कल्पना मलिक ने बताया कि विद्यार्थियों के रोजगार हेतु दो दिवसीय ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अमेजन, नेटलिंग, एक्सिस बैंक, बायजूस, एसरटप, अनस्कूल एवं आई.सी.आई.सी.आई बैंक जैसी 15 जानी-मानी कंपनियों ऑनलाइन विद्यार्थियों का चयन करेंगी । जिसके तहत 1100 विद्यार्थी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। बुधवार को 10 कंपनियां इस प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हुई ,जबकि गुरुवार को 5 कंपनियां इस प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होंगी।

## LECTURE ON SOCIAL CHANGES IN SOCIETY

### समाजिक परिवर्तन और बदलते परिदृश्य मे हमारा समायोजन पर विशेष व्याख्यान सम्पन्न उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान महिला समिति

भोपाल संवाददाता सपना माली



08 फरवरी को उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल की महिला समिति इकाई द्वारा समिति की संयोजक डॉ संध्या प्रसाद के नेतृत्व में समाजिक परिवर्तन और बदलते परिदृश्य मे हमारा समायोजन पर विशेष व्याख्यान महाविद्यालय के संचालक डॉ.प्रग्येश अग्रवाल, की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति सदस्य डॉ.आकांक्षा शर्मा ने महाविद्यालय के सभी पधारे प्रतिभागियों व अधिकारियों को उपस्थिति हेतु शुभकामनाएं दी। डॉ. आशा सिंह, सेवानिवृत्त प्राध्यापक (समाज शास्त्र) मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया ने विषय विशेषज्ञ के रूप मे जुड़कर जानकारी देते हुए बताया कि बारे परिवर्तन जीवन का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। आवश्यक रूप से उन्होंने अनुकूलन क्षमता, नम्रता व आत्म अनुशासन की महत्ता को आज के बदलते दौर मे एक उपयोगी साधन समझाया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. आकांक्षा शर्मा द्वारा किया गया व आभार डॉ. रुचि सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान की महिला इकाई का सराहनीय योगदान रहा।

## FESTIVALS OF MANIPUR UNDER EK BHARAT- SHRESHTHA BHARAT

### 'एक भारत– श्रेष्ठ भारत' के तहत साझा की मध्यप्रदेश और मणिपुर के त्यौहारों की जानकारी



विशेष संवाददाता

भोपाल, 31 जनवरी। महाराजा बोधचंद्र महाविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर तथा उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' क्लब द्वारा मध्यप्रदेश और मणिपुर राज्य में मनाये जाने वाले त्यौहारों की जानकारी को साझा करने हेतु ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के माध्यम से दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने राज्यों के विभिन्न त्यौहारों के बारे में बहुत ही ज्ञानवर्धक तथा रुचिकर जानकारियों का आदान-प्रदान किया गया। [illegible]

Office – Kaliasot Dam, Kolar Road, Bhopal - 462016 Tele: (0755) 2492433, 2492460

*E-mail:* ***iehebhopal@mp.gov.in***, ***iehe.iqac2020@gmail.com***, *Website:* ***https://www.iehe.ac.in***


## REMEMBERING MARTYRS OF KARGIL

दैनिक भास्कर

भोपाल सिटी भास्कर 27-07-2022

### बहादुर सैनिकों को पोस्टर मेकिंग के जरिये याद किया

करगिल विजय दिवस पर आईईएचई में एनसीसी की यूनिट ने प्रस्तुति दी। इस दौरान भाषण, कविता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं हुईं। निदेशक डॉ प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने संबोधित किया और एकता और अनुशासन का संदेश दिया। इस दौरान इंस्टीट्यूट की फैकल्टी, स्टाफ और स्टूडेंट उपस्थित रहे।

## UPCOMING MODERN FACILITIES IN IEHE

दैनिक जागरण | भोपाल, 8 फरवरी, 20 | www.jagranmp.com/epaper

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा एक्सीलेंस कॉलेज

**सामान्य परिषद की बैठक में बोले जीतू पटवारी**

नगर संवाददाता, भोपाल। उच्च शिक्षा मंत्री जीतू पटवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की सामान्य परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। मंत्री पटवारी ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें महाविद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था करना होगी। उच्च शिक्षा मंत्री ने संस्थान में ज्यादा से ज्यादा स्मार्ट क्लासेस बनाने के निर्देश दिए। बैठक में संस्थान में प्रस्तावित निर्माण कार्य, अध्ययनरत विद्यार्थियों की काउन्सलिंग, यूजीसी के निर्देशानुसार आईक्यूएसी की वित्तीय व्यवस्था तथा संस्थान में ऑडिटोरियम तथा सेमिनार हॉल के निर्माण पर विस्तृत चर्चा की गई। आयुक्त उच्च शिक्षा डीपी आहूजा, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के प्राचार्य डॉ. एसएस विजयवर्गीय तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

#### मंत्री ने किया संस्था का निरीक्षण

उच्च शिक्षा मंत्री जीतू पटवारी ने उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संस्थान के क्लासरूम, लैब आदि का भ्रमण किया। विद्यार्थियों से भी शैक्षणिक व्यवस्था और अन्य विषयों पर चर्चा की।

## PREVENTION FROM ONLINE FRAUD

### ऑनलाइन फ्रॉड से बचने की दी जानकारी

**IAmBhopal • रिपोर्टर**

Mobile no. 9074444428

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की एनएसएस की ओर से सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत बगरोदा में साक्षरता एवं स्वछता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने डोर टू डोर कैंपेन कर लोगों को भीम एप का उपयोग करना, ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के तरीकों के बारे में जानकारी दी।



Office – Kaliasot Dam, Kolar Road, Bhopal - 462016 Tele: (0755) 2492433, 2492460
*E-mail:* ***iehebhopal@mp.gov.in***, ***iehe.iqac2020@gmail.com***, *Website:* ***https://www.iehe.ac.in***

## SYMPOSIUM ON WOMEN AND SCIENCE

# महिला शोधार्थियों को शोध करने में आती हैं तरह-तरह की परेशानियां

## उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की ओर से 'वुमेन एंड साइंस' पर संगोष्ठी

**भोपाल (नवदुनिया रिपोर्टर)** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) के रसायन विभाग की ओर से गुरुवार को 'वुमेन एंड साइंस' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। एक वक्ता ने बताया कि महिलाओं को शोध करने में कई तरह की परेशानियां होती हैं।

मप्र निजी विवि विनियामक आयोग सभागार में हुए कार्यक्रम में महिला विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईईएचई की पूर्व संचालक डॉ. प्रमिला मैनी ने एकलघु फिल्म 'वुमेन इन साइंस' के साथ की। यह राजेन्द्र प्रसाद पवार (फॉरेन्सिक साइंस विभाग) और मनीष धनगर (छात्र, एमएससी रसायनशास्त्र) ने तैयार की थी। उन्होंने कहा कि कहा कि शोध के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान आवश्यक है। छात्र वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हुए समाज में व्याप्त समस्याओं का निराकरण करने के उपाय पर शोधकार्य करें।

**उपयोगी पदार्थ में बदल सकते हैं वेस्ट मटेरियल्स** – इस मौके पर डॉ. सविता दीक्षित ने अपने शोध विषय पर चर्चा की। इसमें जैव अपघटनीय पदार्थ जैसे गोबर, जलकुम्भी पादप, प्लास्टिक अवशेष को शोध के जरिए सामाजिक रूप से उपयोगी पदार्थ में परिवर्तित करने के उपाय बताए। उन्होंने छात्रों को विभिन्न परियोजनाओं के बारे में बताया।



निजी विश्वविद्यालय नियामक में वुमंस इन साइंस पर अधिवेशन हुआ। ● नवदुनिया

वनविहार की निदेशक डॉ. कोमोलिका मोहंता ने छात्रों को वन विहार के कार्यों और वन्य प्राणियों की देखभाल के तौर-तरीकों के बारे में बताया। वहीं आरजीपीवी से आईं अनिता दत्त कोनार ने कहा कि शोध के दौरान महिलाओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुई शोध में आई समस्याओं का जिक्र किया। एप्को की चीफ साइंटिस्ट डॉ. विनिता विपट ने एप्को की कार्यप्रणाली की चर्चा की। उन्होंने भोजवेट लैंड के संरक्षण और जरूरत के विषय में चर्चा की। वहीं डॉ. प्रियंका गुप्ता ने महिलाओं में ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों और बचाव पर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि इन दिनों पुरुषों में सबसे ज्यादा लंग्स और माउथ कैंसर देखा जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. इशरत अली ने नेचुरल प्रोडक्ट्स पर चर्चा की। इस मौके पर उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के संचालक डॉ. एसएस विजयवर्गीय, विभागाध्यक्ष डॉ. सविता श्रीवास्तव, डॉ. अंजली आचार्य उपस्थित थे।

### टीचर्स एड डेमोंस्ट्रेशन

रीजनल साइंस सेंटर में मैपकॉस्ट के सहयोग से गुरुवार को विज्ञान टीचर्स एड डेमोंस्ट्रेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर सिम्पल हारमोनिक ओशन, चंद्रमा की कलाएं और सोलर सिस्टम पर प्रतिभागियों ने प्रजेंटेशन दिया। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न कॉलेज से 16 प्रतिभागी शामिल हुए।

## CAMBRIDGE ASSESSMENT TRAINING FOR FACULTY AND STUDENTS

# अगले शिक्षा सत्र से दो चरणों में होगा केम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश प्रशिक्षण : पटवारी

**नगर संवाददाता, भोपाल।** उच्च शिक्षा मंत्री जीतू पटवारी ने कहा है कि केम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश का प्रशिक्षण अगले शिक्षा सत्र से दो चरणों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक चरण में 25-25 हजार विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। मंत्री पटवारी उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में केम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश के सर्टिफिकेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री पटवारी ने विद्यार्थियों में न्यूज चैनल्स और समाचार-पत्रों के प्रति सम्मान पैदा करने पर जोर देते हुए कहा कि खबरों की हकीकत से रू-ब-रू होना अत्यावश्यक है। सोशल मीडिया पर वायरल होती खबरों की हकीकत से कम ही लोग वाकिफ होते हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग फेसबुक के साथ मिलकर युवाओं को असली-नकली खबरों में फर्क समझाने के लिए अभियान शुरू करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि फेसबुक द्वारा 200 मास्टर ट्रेनर्स तैयार कर प्रदेश के प्रत्येक कॉलेज में युवाओं को खबरों के बीच फर्क समझाने का काम किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की अपनी एक अलग पहचान है।



### सभी क्लासरूम होंगे वाई-फाई

*मंत्री ने कहा कि संस्थान में अगले सत्र से सभी क्लासरूम में वाई-फाई लगाए जाएंगे। संस्थान परिसर में एक हजार क्षमता का ऑडिटोरियम भी जल्द बनवाया जायेगा। कैम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश (यूके) की सीईओ सुश्री फ्रांसिस्का वुडवर्ड ने मध्यप्रदेश सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। सुश्री वुडवर्ड ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने कैम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन कर बी-1 लेवल प्राप्त किया है। उच्च शिक्षा मंत्री पटवारी ने इस मौके पर विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को कैम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र वितरित किए। साथ ही, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के वार्षिक एवं सांस्कृतिक कैलेण्डर का विमोचन भी किया।*

## WORKSHOP ON FINANCIAL LITERACY

**TheHitavada**

Bhopal City Line | 2020-02-08 | Page- 2

# IEHE NSS unit holds workshop on financial literacy



Winners being awarded during the programme.

■ Staff Reporter

NATIONAL Service Scheme (NSS) and Reserve Bank of India (RBI) jointly organised a workshop on financial literacy at MP Private University Regulatory Commision (MPPURC) Bhopal under organisation of NSS UNIT of Institute For Excellence In Higher Education (IEHE). Dignitaries who were present included GM of RBI Bhopal branch Jatin Rawal, Senior AGM Vikram Goel, AGM Sourav Sharma and Registrar B Bharti, NSS District Co-ordinator Dr R S Narwariya, Programme Co-odinator BU Dr Anant Kumar Saxena, Programme Officer, open unit Rahul Singh Parihar, IEHE NSS program officer Dr Indra Burman. RBI with the involvement of HDFC Bank, Yes bank, BoI given various information regarding MSMEs, entrepreneurship, educational loan, collateral security etc. Volunteers from different colleges energetically participated in workshop. Also competitions like slogan writing and poster making on financial literacy theme were held in which Divya Dhakad from IEHE secured first position respectively in slogan writing and Ayush Khavade from IEHE first position in poster making. The winners were awarded with trophies.

## TIPS ON LONELINESS AND DEPRESSION

# अवसाद और अकेलेपन से निकलने के दिए टिप्स

● जागरण रिपोर्टर ●



पूरा विश्व एक ओर जहां कोरोना जैसी भयंकर बीमारी से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर युवा और बच्चे अवसाद और अकेलेपन से गुजर रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई ने गूगल मीट के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य एवं अवसाद (युवा एवं बच्चों की मानसिक समस्याएं) विषय पर वेबिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर पहले दिन मुख्य वक्ता रूपाली ने मानसिक स्वास्थ्य एवं अवसाद पर अपने विचार स्वयं सेवकों से साझा किए और अवसाद के कारण, प्रकार और समाधान पर विस्तृत चर्चा की। वेबिनार के दूसरे दिन डॉ. गीता नरहरि (विशेषज्ञ आर.सी.पी.वी.नरोन्हा प्रशासन अकादमी) सम्मिलित हुईं। डॉ. नरहरि ने अवसाद से बचने के तरीके और थैरेपी भी बताई। डॉ. नरहरि ने अवसाद से गुजर रहे लोगों के खानपान पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी।

**राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा किया गया दो दिवसीय मानसिक समस्याओं पर वेबिनार**